हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 14 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32.9 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री

11 657 छात्रों ने दिया उद्यमिता व समाजशास्त्र विषय का पेपर



12 रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो के कार्यों की समीक्षा




## कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पर प्रतिबंध से बाजार में कालाबाजारी जोरों पर

# दुकानदारों का जुगाड़, घरेलू गैस सिलेंडर पर बना रहे छोले-भटूरे, चाय और समोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

अमेरिका-इस्राइल व ईरान के बीच चल रहे पश्चिम एशिया में युद्ध का असर अब जिले में गैस आपूर्ति पर नजर आने लगा है। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर प्रतिबंध के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर मुरथल स्थित ढाबा संचालकों के अलावा शहर में दुकानदारों, होटल-रेस्तरां व खाद्य पदार्थों संबंधी स्टॉल संचालकों ने व्यापार चलाने के लिए वैकल्पिक रास्ता खोज निकाला है। रोजगार बचाने के लिए दुकानदारों ने घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग करना शुरू कर दिया है। कमर्शियल गैस सिलेंडर पर प्रतिबंध से कालाबाजारी जारों पर है। अब दुकानों, होटल-रेस्तरां व खाद्य पदार्थों संबंधी स्टॉल पर लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर नजर आने लगे हैं। उधर गैस एजेंसियों पर सिलेंडर बुकिंग का आंकड़ा बेकाबू होने लगा है। वीरवार को दिनभर सर्वर डाउन रहने के बाद शुक्रवार को एजेंसियों पर सिलेंडर बुकिंग में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उधर मुरथल के ढाबा संचालकों ने लकड़ी व कोयल की भट्ठी का सहारा लेना शुरू कर दिया है। साथ ही कई ढाबों पर इलेक्ट्रिक इंडक्शन चूल्हों की व्यवस्था की गई है।वहीं जिला प्रशासन ने घरेलू गैस, पेट्रोल, डीजल तथा सीएनजी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा उनसे संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित पुलिस नियंत्रण कक्ष में कंट्रोल रूम बनाया है।

- दुकानदार व रेहड़ी लगाने वाले 150 रुपये किलो ब्लैक में खरीद रहे गैस
- घरेलू गैस के लिए ऑनलाइन के अलावा उपभोक्ता एजेंसी पर पहुंच करवा रहे ऑफलाइन बुकिंग

रेलवे रोड



कट्टे में छुपाकर रखा सिलेंडर



नगर निगम कार्यालय




### स्टॉल संचालक बोले, मजबूरी में कमर्शियल छोड़कर घरेलू सिलेंडरों का प्रयोग कर रहे

कुछ खाद्य स्टॉल संचालक घरेलू सिलेंडरों का धड़ल्ले से प्रयोग कर रहे हैं, तो कुछ चोरी छिपे कट्टों के अंदर सिलेंडर को छिपाकर अपना काम चला रहे हैं। रेलवे रोड स्थित रेहड़ी संचालक राममोहन, प्रमोद, रामरूप ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने पर उन्हें ऐसा कदम उठाना पड़ रहा है। एक सिलेंडर लेने के बाद उनका 12 से 15 दिन आसानी से काम चल जाता है। इसके बाद वह दोबारा ब्लैक में गैस भरवा रहे हैं। हालांकि सिलेंडर की किल्लत के चलते उन्हें ब्लैक में भी गैस अब महंगी मिल रही है। पहले जहां सिलेंडर में गैस भरने के लिए 100 रुपये चार्ज लिया जाता था, अब उन्हें इसके लिए 150 रुपये अदा करने पड़ रहे हैं। वह गैस संकट की इस घड़ी में 50 रुपये ज्यादा देने को मजबूर हैं। हालांकि रोजगार के लिए खाद्य पदार्थों के दामों में फिलहाल कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

### एजेंसियों पर बुकिंग बढ़ी, शुक्रवार को सर्वर चलने से उपभोक्ताओं को राहत

कमर्शियल गैस आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों की दिनचर्या पर इसका असर पड़ने लगा है। जिला में औद्योगिक क्षेत्रों के अलावा कुछ पॉश इलाकों में गैस आपूर्ति पाइपलाइन से की जा रही है। हालांकि गेल गैस कंपनी ने औद्योगिक व कॉमर्शियल सप्लाई में 20 प्रतिशत की कटौती की है। शहरवासी ऑनलाइन माध्यम से गैस सिलेंडरों की बुकिंग करवा रहे हैं। इसके अलावा कुछ उपभोक्ता एजेंसी पर पहुंचकर ऑफलाइन माध्यम से सिलेंडर की बुकिंग करवा रहे हैं। दो दिन बुकिंग सर्वर डाउन होने के बाद शुक्रवार को सर्वर सुचारू रूप से चला। एक गैस एजेंसी पर जहां रोजाना करीब 300 सिलेंडरों की बुकिंग होती है। अब यह 450 का आंकड़ा पार कर चुकी है।

### ढाबों पर होने लगी वैकल्पिक व्यवस्था

मुरथल में अधिकतर ढाबा संचालक गैस किल्लत के दौर में वैकल्पिक व्यवस्था करने लगे हैं। यहां जिन ढाबा संचालकों के पास पाइपलाइन से गैस आपूर्ति नहीं की जा रही है, ऐसे ढाबा मालिकों ने कमर्शियल सिलेंडरों के अभाव में लकड़ी व कोयले की भट्ठी का सहारा लेना शुरू कर दिया है। ढाबों पर आधे से ज्यादा व्यंजन तैयार करने के लिए भट्ठियों का सहारा लिया जाने लगा है। ढाबा संचालक केवल जरूरी कार्यों के लिए ही गैस का प्रयोग कर रहे हैं। इसके अलावा कई ढाबा संचालकों ने परेशानी को समझते हुए इलेक्ट्रिक इंडक्शन चूल्हों की व्यवस्था की है।

### शादियों के लिए सिलेंडरों की दरकार

विवाह-शादियों व मांगलिक कार्यों के चलते लोगों के सामने गैस सिलेंडरों की किल्लत जारी है। लोग गैस एजेंसियों पर पहुंचकर संचालकों से एक्स्ट्रा सिलेंडरों की मांग कर रहे हैं, लेकिन यहां भी उन्हें 25 दिन की कैपिंग का हवाला दिया जा रहा है। एजेंसी संचालकों से गुहार लगाने पर भी लोगों को एक्स्ट्रा सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। हलवाई नरेश कुमार ने बताया कि आमतौर पर एक शादी में 500 लोगों का खाना तैयार करने में करीब 12 गैस सिलेंडरों की जरूरत पड़ती है। शहर में कच्चे क्वार्टर, एटलस रोड, सुभाष चौक, मॉडल टाउन, मिशन रोड, रेलवे रोड, हलवाई हट्टा में दुकानदार, होटल-रेस्तरां व खाद्य पदार्थों संबंधी स्टॉल संचालक जो अब तक कमर्शियल सिलेंडर पर निर्भर हैं, उनका स्टॉक खत्म होने वाला है।

# बड़वासनी में बीडीपीओ और एसडीओ से बदसलूकी, स्टाफ से धक्का-मुक्की

■ शिकायतों की जांच करने पहुंची थी टीम, तीन पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

बड़वासनी में बीडीपीओ व एसडीओ से बदसलूकी करने व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ धक्का-मुक्की करने का मामला सामने आया है। साथ ही कुछ लोगों पर सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है। बताया जा रहा है कि अधिकारी शिकायतों की जांच करने के लिए गांव बड़वासनी गए थे। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सोनीपत के बीडीपीओ अंकुर व पंचायती राज विभाग के एसडीओ बृजमोहन कर्मचारियों के साथ वीरवार को गांव बड़वासनी में शिकायतों की जांच के लिए पहुंचे।

इस दौरान शिकायतकर्ता नवीन व मनीष कुमार को गांव की कादियान पाना की चौपाल में बुलाया गया था। गांव की सरपंच शीला देवी, ग्राम सचिव अमन, पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ अभियंता अनिल भी मौजूद रहे। शिकायतकर्ताओं से जब उनकी शिकायत के बारे में पूछा गया, तो वह वीडियो बनाने लगे। उन्हें वीडियो बनाने से मना किया गया, तो वह धक्का-मुक्की करने लगे। इस दौरान नवीन, मनीष व कुलविंद्र ने स्टाफ सदस्यों के साथ बदसलूकी व मारपीट की।

### अधिकारियों को पद से हटवाने की दी धमकी

वहीं आरोपियों ने अधिकारियों को पद से हटवाने की धमकी भी दी। ग्रामीणों ने किसी तरह मामला शांत करवाया। मामले में शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी नवीन, मनीष व कुलविंद्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मुफ्त में शराब न देने पर ठेके में आग लगाई, नकदी व सीसीटीवी लेकर फरार

■ अटायल में युवकों का उत्पात, शराब की कई बोतलें तोड़ दी

**गन्नौर।** गांव अटायल में वीरवार देर रात फ्री में शराब न देने पर बदमाशों ने शराब के ठेके में आग लगा दी। आरोपित ठेके के गल्ले में रखी नकदी, सीसीटीवी कैमरा व डीवीआर भी साथ ले गए। मामले की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दे दी गई है। शिकायत में ठेकेदार सुमित ने बताया कि रात के समय गांव का गोपाल अपने कुछ साथियों के साथ ठेके पर आया और ठेके पर काम करने वाले कारिंदे विरेंद्र से फ्री में शराब मांगने लगा। जब उसने शराब देने से मना कर दिया तो आरोपितों ने हथियार निकालकर उसे डराने की कोशिश की। इस दौरान आसपास लोगों की आवाजाही बढ़ती देख आरोपित वहां से फरार हो गए। विरेंद्र के अनुसार वह बाद में ठेका बंद कर अपने घर चला गया। आरोप है कि देर रात गोपाल अपने साथियों के साथ दोबारा ठेके पर आया और ठेके का शटर तोड़कर अंदर घुस गया। आरोपितों ने ठेके में आग लगा दी और करीब 10 से 12 पेटी शराब की बोतलें तोड़ दीं। जाते समय वे गल्ले में रखी नकदी, ठेके पर लगे सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर भी अपने साथ ले गए।






# "सेवा का ऐसा जुनून कि दादालाही संपत्तियाँ भी समाज के चरणों में समर्पित।

# मानवता की राह पर आगे बढ़ रहे समाजसेवी शशिकांत कौशिक

कमाई का 90 प्रतिशत दान करने का लक्ष्य।

## "माता-पिता शिक्षक रहे, दादा जी पटवारी होते हुए भी अपने पूर्वजों से अर्जित संपत्ति को भी समाज सेवा के लिए समर्पित कर देते हैं

### भोजन सेवा से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, धर्म-संस्कृति, गौसेवा और सामाजिक उत्थान तक—करोड़ों रुपये समर्पित कर समाज के लिए मिसाल बन रहा है शशिकांत इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट

#### सेवा के प्रमुख आंकड़े

- 2.60 करोड़ रुपये का आधुनिक फिजियोथेरेपी सेंटर
- 2.5 करोड़ रुपये का नेत्र जांच केंद्र
- 2.25 करोड़ रुपये की आधुनिक फ्री लाइब्रेरी
- 3.25 करोड़ रुपये की राहत सामग्री वितरण
- 4.5 करोड़ रुपये धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के लिए सहयोग

#### आस्था और सेवा का संगम

हरियाणा धर्मक्षेत्र में आयोजित 1008 कुण्डिय महायज्ञ 18 से 27 मार्च 2025 में धर्म संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु 11,00,000 रुपए (ग्यारह लाख रुपए) नगद दिए गए।

#### गौसेवा में समर्पण

अनेक गौशालाओं में नगद सहायता, ट्रैक्टर-ट्रॉली, गौ एंबुलेंस, वाटर कूलर और एयर कूलर उपलब्ध कराए गए।

इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर लोहे की खोरें और चारे की व्यवस्था भी कराई गई तथा गौसेवकों को सम्मानित किया गया।

14 जून 2024 को पाइट कॉलेज समालखा में गौशालाओं को 11 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई।

#### विशेष योगदान : भूमि दान

पूज्य पिता स्व. सत्यपाल कौशिक की स्मृति में भगवान परशुराम ब्राह्मण धर्मशाला निर्माण के लिए समालखा में लगभग 721 वर्ग गज भूमि (लगभग सवा करोड़ रुपये मूल्य) दान की गई है, जिसका पंजीकरण दंडी स्वामी जय नारायण आश्रम धर्मार्थ ट्रस्ट, हरिद्वार के नाम कराया गया है।

#### श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु नि:शुल्क पार्किंग सेवा

पैतृक गांव चुलकाना धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और उनकी सुविधा को ध्यान में। रखते हुए आधा एकड़ भूमि निशुल्क पार्किंग हेतु उपलब्ध करवाई गई, ताकि आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

#### बेटियों के सम्मान और सामाजिक उत्थान में भी अग्रणी पहल

अनेक गरीब कन्याओं के विवाह को सम्मानपूर्वक सम्पन्न करवाया गया।

#### स्वास्थ्य सेवा में बड़ा कदम : करोड़ों की लागत से नि:शुल्क उपचार

जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करानेके उद्देश्य से सोनीपत के मुरथल रोड स्थित यूनिक मॉल में लगभग 2.60 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक फिजियोथेरेपी सेंटर स्थापित किया गया है।

"शशिकांत चैरिटेबल मानव सेवा फिजियोथेरेपी सेंटर" नाम से संचालित इस केंद्र में मरीजों को फिजियोथेरेपी से संबंधित सभी उपचार नि:शुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग भी बिना किसी शुल्क के दिए जा रहे हैं।

इसी परिसर में लगभग 2.5 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक नेत्र जांच केंद्र का निर्माण भी कराया गया है। आधुनिक मशीनों से लैस "शशिकांत चैरिटेबल दृष्टि नेत्र जांच केंद्र" में आंखों से संबंधित सभी प्रकार की जांच और उपचार नि:शुल्क किए जा रहे हैं,जिससे हजारों लोगों को राहत मिल रही है।

#### समाज के लिए अन्य महत्वपूर्ण योगदान

- ब्राह्मकुमारी संस्था को आश्रम निर्माण के लिए 150 वर्ग गज भूमि (लगभग 25 लाख रुपये) दान
- महाराजा अग्रसेन अस्पताल, दिल्ली को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता
- 82 लाख रुपये की लागत से 20 हजार हेलमेट वितरण
- खिलाड़ियों को खेल किट और 2100 ट्रैक सूट प्रदान

#### पर्यावरण संरक्षण की प्रेरक पहल

शशिकान्त इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सोनीपत में गेटवे स्कूल के नजदीक पांच एकड़ की सरकारी ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में 1500 त्रिवेणी पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया गया। सिर्फ पौधे लगाने तक ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतर देखभाल और संरक्षण का दायित्व भी ट्रस्ट ने पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाया। इस कार्य में लेक्चरर दिलबाग सिंह जी का काफी सहयोग रहा। पौधों के स्वस्थ विकास को सुनिश्चित करने के लिए पूरे एक वर्ष तक नियमित रूप से उनकी देखभाल, सिंचाई और संरक्षण किया गया। यह पहल प्रकृति के प्रति समर्पण, सामाजिक जिम्मेदारी और हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में ट्रस्ट की सशक्त प्रतिबदधता को दर्शाती है।

#### शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 2.25 करोड़ की पहल

युवाओं को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के लिए समालखा और सोनीपत के यूनिक मॉल में आधुनिक सुविधाओं से युक्त फ्री लाइब्रेरी स्थापित की गई है।

वाई-फाई, एसी और आधुनिक अध्ययन सुविधाओं से सुसज्जित इन लाइब्रेरी की भूमि सहित कुल लागत लगभग 2.25 करोड़ रुपये है।

यहां हर वर्ष लगभग 500 विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, जिनमें से अब तक 100 से अधिक छात्र सरकारी नौकरियों में चयनित हो चुके हैं।

शिक्षा के उत्थान और संस्थागत विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा, रोहतक को ₹11 लाख की नकद सहायता प्रदान की गई, जिससे संस्था के शैक्षिक कार्यों को और गति मिलेगी।

सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 41 लाख रुपए के ज्योमेट्री बॉक्स वितरित किए गए

#### धर्म और संस्कृति के संरक्षण में लगभग 4.5 करोड़ का योगदान

धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश,पंजाब, चंडीगढ़ और हरिद्वार सहित कई राज्यों में मंदिरों, गुरुद्वारों, धर्मशालाओं और गुरुकुलों में वाटर कूलर, एयर कूलर, एसी कमरे तथा आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

इन सभी कार्यों पर लगभग 4.5 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जिससे श्रद्धालुओं और सामाजिक संस्थाओं को स्थायी सुविधाएं मिलीं।

#### चुलकाना धाम धर्मशाला – सेवा को समर्पित

गाँव चुलकाना धाम में स्थित पुश्तैनी मकान (लगभग 7000 वर्ग फुट) को धर्मशाला के रूप में निर्मित करवा कर आम जनता के लिए समर्पित कर दिया है जिसका भविष्य में विस्तार किया जायेगा। यहाँ ठहरने और भोजन-पानी की नि:शुल्क सुविधा है। कोई दानपात्र नहीं रखा गया है।

#### गुर्जर समाज के लिए योगदान

गुर्जर समाज के सम्मान में पट्टीकल्याणा पानीपत पंचकूला एवं कुरुक्षेत्र के गुर्जर भवनों में कमरे बनवाए नगद सहयोग किया एवं वाटर कूलर एयर कूलर लगवाए गए और लाइब्रेरी के लिए किताबें में भिजवाई गई

#### जरूरतमंदों के सम्मान में लगभग3.25 करोड़ की सेवा

समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए बड़े स्तर पर राहत सामग्री वितरित की गई।

- 81 हजार कंबल
- 41 हजार चद्दरें
- 21 हजार शॉल

लगभग 1 लाख जूट बैग

51 हजार हॉटकेस (माताओं-बहनों के सम्मान में)

इन सभी कार्यों पर लगभग 3 करोड़ 25 लाख रुपये खर्च किए गए, जिससे हजारों परिवारों को राहत और सम्मान मिला।

#### संत सम्मेलन : सनातन संस्कृति का संदेश

2 दिसंबर 2024 को सोनीपत में शशिकांत कौशिक के निवास पर भव्य संत सम्मान सम्मेलन आयोजित किया गया। देश के अग्रणी संतों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के मन में धर्म, संस्कृति और भारतीय सनातन मूल्यों के प्रति गर्व और समर्पण की भावना जगाना था।

#### प्रेरक संदेश

"सेवा ही सच्चा धर्म है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाना ही हमारे जीवन का उद्देश्य है।

— शशिकांत कौशिक



#### सेवा की पहचान

समाज सेवा के इन व्यापक प्रयासों ने शशिकांत कौशिक को एक प्रखर समाजसेवी के रूप में स्थापित किया है। करोड़ों रुपये समाजहितमें समर्पित कर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची सफलता वही है जो समाज और मानवता के कल्याण में समर्पित हो।

उनकी प्रेरणा से संचालित यह सेवा अभियान आज हजारों लोगों के जीवन में सहारा, सम्मान और नई उम्मीद बन चुका है।

"बहुत से सेवा कार्य लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए किए गए हैं,जिन्हें सार्वजनिक रूप से बताना उचित नहीं।यहाँ केवल कुछ सामाजिक कार्यों को ही संक्षेप में दर्शाया गया है।"

# शशिकान्त इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट



# ओ रोमियो को बॉक्स ऑफिस पर मिला फ्लॉप का तमगा

**मुंबई।** बॉलीवुड में शेक्सपियर की कहानियों को भारतीय परिवेश में ढालने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो ने सिनेमाघरों में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज हुई थी, लेकिन महज कुछ हफ्तों में ही इसे फ्लॉप का तमगा मिल गया। फिल्म की कुल कमाई लगभग 100 करोड़ रुपए रही, जबकि बजट और प्रमोशन मिलाकर 130 करोड़ का खर्च आया, जिससे निर्माताओं को 30 करोड़ का नेट लॉस हुआ। ओ रोमियो की कहानी 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरुआत ठीक-ठाक रही. पहले दिन 7.75 करोड़, दूसरे दिन 11.75 करोड़ और वैलेंटाइन डे के असर से वीकेंड में कुल 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई हुई। लेकिन, उसके बाद गिरावट आई।



लाइफ Style

# अनन्या

## खुद को हमेशा कमतर समझा

अनन्या पांडे ज्यादातर अपने परिवार और दोस्तों के बीच दिखाई देती हैं। मगर एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने पुराने रिलेशनशिप के अनुभवों से सीखने की बात स्वीकार की। अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही। अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। वह हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हैं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।' एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। अकेलेपन के पहले जब वो रिश्ते में थी उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा। वह हमेशा यह चाहती थी कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग चेंज लेकर आई हैं। एक्ट्रेस की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा..' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# फैशन वीक में फ्लॉन्ट की सोने की अंगूठी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर जेंडाया, टॉम हॉलैंड के साथ शादी की अफवाहों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच वह पेरिस फैशन वीक में शानदार ड्रेस में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट की है। माना जाता है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी शादी को कंफर्म कर दिया है। उनके फैंस ऑनलाइन यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या कपल ने चुपके से शादी कर ली है? जेंडाया ने लूव्र में लुई विटॉन के शो में सफेद रंग की ड्रेस में शिरकत की। शो में उन्होंने जो ज्वैलरी पहनी वह चर्चा का विषय बन गई। जेंडाया ने हाल के दिनों में सगाई की अंगूठी के बजाय एक सादी सोने की अंगूठी पहनी है। इस बात से पता चलता है कि उन्होंने शादी कर ली है। ज्वैलरी एक्सपर्ट पेज नील ने बताया कि जेंडाया ने जो अंगूठी पहनी है वह शादी की अंगूठियों की तरह है। बातचीत में नील ने कहा कि सादी अंगूठियां अक्सर आत्मविश्वास का संकेत होती हैं।



# डीसी स्टूडियो की सुपरहीरो फिल्म में शामिल हुए आरोन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर आरोन पियरे डीसी स्टूडियोज की आने वाली सुपरहीरो फिल्म 'मैन ऑफ टुमारो' में शामिल हो गए हैं। यह फिल्म 2025 की सुपरहिट फिल्म 'सुपरमैन' का सीक्वल है। आरोन पियरे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'लैंटर्न्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो ग्रीन लैंटर्न किरदारों पर बेस्ड है। यह सीरीज इस गर्मियों में रिलीज होगी। आरोन पियरे ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की। फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन का काम फिर से जेम्स गन ही कर रहे हैं। यह फिल्म 9 जुलाई 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके सीक्वल में डेविड कोरेन्सवेट दोबारा सुपरमैन/क्लार्क केंट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि निकोलस हॉल्ट लेक्स लूथर के रोल में वापस आ सकते हैं। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में अटलांटा में शुरू होगी और गर्मियों तक चलती रहेगी। कहानी में सुपरमैन और लेक्स लूथर को एक अजीब गठबंधन करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें ब्रेनियाक नाम के एक बहुत ताकतवर एलियन विलेन से खतरा होगा।



# सिद्धार्थ की अगली हॉरर फिल्म का होंगे हिस्सा

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूके गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है। किंग फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं, किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।




# मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज जब वी मेट की याद आ गई

**मुंबई।** रोमांस और प्यार की बात जब भी आती है तो इम्तियाज अली को भुलाया नहीं जा सकता। इस बार इम्तियाज 'मैं वापस आऊंगा' लेकर हाजिर हो रहे हैं, जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलजीत दोसांझ की ये फिल्म रोमांटिक तो है ही साथ ही इमोशनल करने वाली भी दिख रही है। फिल्म के टीजर में गुजरे वक्त की कहानी दिखाई जाती है। टीजर में दिखाया गया है कि एक लड़का (वेदांग रैना) लड़की (शरवरी) को पसंद करता है। वो उसे छिपकर देखता रहता है। जिसके बाद उससे मिलता भी है। फिल्म नें नसीरुद्दीन शाह भी हैं जिन्हें पहचान पाना मुश्किल है। इस ट्रेलर को देखकर लोगों ने कहा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं, एक बार फिर से उन्होंने ये साबित कर दिया है। वहीं कई लोगों ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ की है और कहा है कि रणबीर के बाद दिलजीत अब इम्तियाज के फेवरेट बन गए हैं। वहीं एक ने कहा है- 'जब वी मेट' की याद आ गई।

## टीवी मसाला



# एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होंगे इन सेलेब्स के खास शोज

**नई दिल्ली।** अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी इस साल की बड़ी रिलीज की घोषणा कर दी है। इसके अंतर्गत शिखर धवन का शो बैटलग्राउंड सीजन 2, नसीरुद्दीन शाह की मेड इन इंडिया और संजय कपूर की अब होगा हिसाब रिलीज होंगी। शिखर धवन की अगुवाई वाला शो 'बैटलग्राउंड सीजन 2' जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसमें भारत के जबरदस्त फिटनेस के दीवाने और प्रोफेशनल एथलीट जीत के लिए संघर्ष करेंगे। नए सिरे से बने 'बैटलग्राउंड हाउस' में एक ही छत के नीचे 16 कंटेस्टेंट होंगे। इस शो के निर्देशक उत्तम डोमाले, दीपदत्त पांडे और नेहा सेठ हैं। दिव्येंदु शर्मा और भावना अरोड़ा की अदाकारी वाला शो 'वेटिंग है' इसी साल रिलीज होने वाला है। इसकी कहानी एक रेलवे पुलिस फोर्स के जवान के आस-पास घूमती है, जो तत्काल टिकट पाने की जद्दोजहद के दौरान, करोड़ों के एक घोटाले का पर्दाफाश करता है। इसके निर्देशक समीर विध्वंस होंगे। सनी हिंदुजा और मीरा चोपड़ा की अदाकारी वाली सीरीज 'विमल खन्ना' इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके निर्देशक साकेत चौधरी और अभिनव सीकर हैं। इसमें एक ऐसे शख्स की कहानी दिखाई गई है जो हालात का मारा है और रक्षक' बन जाता है। दर्शकों को इसका इसका इंतजार है। क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर की अदाकारी वाली सीरीज 'रक्तांचल 3' एक पॉलिटिकल-क्राइम सीरीज है।

## सीआईडी के मेकर्स ने मुझे अचानक निकाला

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक क्राइम सीरीज सीआईडी का हर कोई फैन रहा है। इसका नया सीजन आया लेकिन लोगों के बीच उतना हाइप क्रिएट नहीं कर सका, जितना इसके पुराने और ओरिजनल एपिसोड्स और कलाकारों ने किया था। एसीपी प्रद्युमन, दया, फ्रेड्रिक्स, डॉक्टर सालुंखे, डॉक्टर तारिका, पूर्वी समेत कई किरदारों के अलावा, इसमें इंस्पेक्टर काजल भी थीं, जिनका किरदार 'अनुपमा' एक्ट्रेस जसवीर कौर ने निभाया था। उन्होंने अब एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि एक दिन उन्हें अचानक शो से निकाल दिया गया और उन पर आरोप लगाए गए। उनके मुताबिक, उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए और अचानक शो छोड़ने के लिए कहा गया था। इसके बाद उन्होंने 7 साल तक स्ट्रगल किया और कैमियो के अलावा इनकम टैक्स रिटर्न से गुजारा किया। मुझे ऑफिस बुलाया गया और अचानक से कहा गया कि मेरा तौर-तरीका नहीं सही था। और मैंने बिना डायलॉग्स के स्क्रिप्ट भी ले ली थी।



# तीन बड़ी फिल्मों से टकराएगी शाहिद-कृति-रश्मिका की मूवी

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की 'कॉकटेल' के बाद होमी अदजानिया इसका सीक्वल 'कॉकटेल 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना दिखाई देंगी। ये साल 2026 की मोस्टअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज डेट आ गई है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट करके रिलीज डेट बताई है। फिल्म 19 जून को थिएटर्स में दस्तक देगी। लेकिन, इस मूवी के लिए थिएटर्स में अपनी जगह बना पाना मुश्किल होगा। 19 मार्च को रिलीज होने वाली यश की 'टॉक्सिक' अब 4 जून को रिलीज होगी जो पैन-इंडिया फिल्म है। 6 भाषाओं में इसे बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। वहीं, एक हफ्ते बाद वरुण धवन की मूवी 'है जवानी तो इश्क होना है', जो पहले 10 अप्रैल से 5 जून को आनी थी, वह अब 12 जून को दस्तक देगी। फिर एक हफ्ते बाद 19 जून को 'कॉकटल 2' आएगी और उसके एक हफ्ते बाद 26 जून को अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर फिल्म 'वेलकम टू जंगल' बॉक्स ऑफिस पर धप्पा बोलेगी।



# इस वीकएंड ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का

**नई दिल्ली।** फिर वीकएंड आ गया है! कुछ लोग अपने काम निपटाएंगे। कुछ दोस्तों के साथ मुलाकात और पार्टी करना पसंद करेंगे। मगर, एंटरटेनमेंट के शौकीन अपने पसंदीदा सिनेमा का लुत्फ उठाएंगे। बढ़ती गर्मी के बीच अगर थिएटर जाने का मन नहीं है और घर बैठे ही कुछ बढ़िया देखना है तो इस वीक की ओटीटी लिस्ट चेक कर लीजिए। इस बार काफी दिलचस्प विकल्प हैं।

### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत यह फिल्म 31 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे लेकर काफी विवाद रहा था। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह औसत रही। अब 'द ताज स्टोरी' ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह फिल्म 13 मार्च 2026 से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम हो रही है।

## रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज



### एस्पिरेंट्स सीजन 3

लोकप्रिय सीरीज एस्पिरेंट्स के पिछले दो सीजन काफी पसंद किए गए। अब यह सीरीज अपने तीसरे सीजन के साथ आ रही है। टीवीएफ की यह चर्चित सीरीज 13 मार्च 2026 से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह सीजन डीएम अभिलाष (नवीन कस्तूरिया) की सफलता के बाद की चुनौतियों को दिखाएगा। साथ ही, संदीप ओहलान के आरोपों के बाद की जांच और रिश्तों में आए उतार-चढ़ाव पर बेस्ड है। नवीन कस्तूरिया, सनी हिंदुजा और अभिलाष थपलियाल इसमें अहम रोल में नजर आएंगे।

### पूकी

फिल्म पूकी फरवरी में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह भी ओटीटी पर आ रही है। इस फिल्म में जेन जी के रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया गया है। वीकएंड पर इस फिल्म को देख सकते हैं। यह 13 मार्च 2026 से जी5 पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह तमिल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है।

### फंकी

अगर आप कुछ कॉमेडी से भरपूर देखना चाहते हैं तो इस वीकएंड आप 'फंकी' देख सकते हैं। यह साउथ की कॉमेडी फिल्म है। यह शुक्रवार 13 मार्च को ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

### जूटोपिया 2

एनिमेटिड फिल्म 'जूटोपिया' का दूसरा पार्ट यानी 'जूटोपिया 2' भी इस वीकएंड की लिस्ट में शामिल है। इसे बच्चों के साथ बैठकर वीकएंड पर देखा जा सकता है। यह 11 मार्च को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है।

## 15 मार्च को डॉल्बी थिएटर में होना ऑस्कर 2026 का आयोजन

# थप्पड़ से लेकर कपड़े उतारने तक की घटनाएं रहीं विवादित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


ऑस्कर 2026 का आयोजन 15 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होना है। लेकिन, भारत में इस अवॉर्ड समारोह को सोमवार 16 मार्च की सुबह साढ़े चार बजे से देखा जा सकेगा। फैंस इस समारोह का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऑस्कर को फिल्म जगत का सबसे मशहूर समारोह माना जाता है। लेकिन, ऑस्कर में कई ऐसे विवाद भी हुए हैं, जो काफी चर्चाओं में रहे।

### जब गलत फिल्म का हुआ अनाउंसमेंट

2017 में बेस्ट पिक्चर कैटेगरी में 'मूनलाइट' फिल्म को अवॉर्ड दिया जाने वाला था। हालांकि, अवॉर्ड प्रेजेंटर्स को जो लिफाफा मिला, उसमें फिल्म 'ला ला लैंड' का नाम लिखा गया था। अनाउंसमेंट होने के बाद प्रेजेंटर्स ने सही नाम की घोषणा कर माफी मांगी थी।

### विल ने होस्ट क्रिस रॉक को जड़ा थप्पड़

2022 में ऑस्कर सबसे ज्यादा चर्चा में विल स्मिथ द्वारा क्रिस रॉक को मंच पर थप्पड़ मारने के चलते चर्चाओं में से सुर्खियों में रहा था। क्रिस ने विल स्मिथ की पत्नी के गंजे सिर पर मजाक किया था। कुछ देर बार विल स्मिथ को फिल्म 'किंग रिचर्ड' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, तो उन्होंने मंच पर एकेडमी से माफी मांगी, लेकिन उन्होंने क्रिस रॉक के लिए कुछ नहीं कहा।



### मार्लन का चोरी हो गया ऑस्कर

1954 की फिल्म 'ऑन द वॉटरफ्रंट' के लिए मार्लन ब्रांडो को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था, जो उनके घर से चोरी हो गया था। कुछ समय बाद 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो को यही अवॉर्ड अमेरिकन फाइनेंसर जो लो ने तोहफे में दिया। जो लो ने लियोनार्डो की फिल्म 'द वुल्फ ऑफ द वॉल स्ट्रीट' में पैसे लगाए थे।

### लियोनार्डो ने लौटाया अवॉर्ड

जब जो लो पर धोखाधड़ी के केस की जांच बैठी और उनकी संपत्ति जब्त हुई तो लियोनार्डो को ये अवॉर्ड अधिकारियों को लौटाना पड़ा। जो लो ने अधिकारियों को बताया कि ये अवॉर्ड एक ऑक्शन में 6 लाख डॉलर (5.2 करोड रुपए) में खरीदा था।

### कोरिन ने स्टेज पर उतारे कपड़े

साल 2021 के ऑस्कर अवॉर्ड के दौरान फ्रेंच अभिनेत्री कोरिन मासेरियो ने स्टेज पर ही कपड़े उतार दिए थे। उन्होंने फ्रेंच सरकार का विरोध करने के लिए ऐसा किया था। वह जैसे ही अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, उन्होंने अपने कपड़े उतार दिए। उनके शरीर पर नारे लिखे हुए थे।

### एड्रियन ने हैल को स्टेज पर किया किस

साल 2003 में अमेरिकी अभिनेता एड्रियन बूडी ने स्टेज पर एक्ट्रेस हैल बेरी को किस कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, बूडी को फिल्म 'दि पियानिस्ट' के लिए ऑस्कर मिला था। अवॉर्ड देने के लिए स्टेज पर जब अभिनेत्री हैल बेरी आईं तो अभिनेता ने उन्हें किस कर लिया।

### सेरेमनी से पहले चोरी हुई 55 ऑस्कर ट्रॉफी

साल 2000 में ऑस्कर समारोह से 20 दिन पहले 55 ट्रॉफी से भरा ट्रक चोरी हो गया था। जल्दबाजी में सेरेमनी के लिए नई ट्रॉफी बनवाई गईं। कुछ दिनों बाद एक शख्स को कचरे के ढेर में 52 ऑस्कर ट्रॉफी मिली थीं। बची हुई 3 में से एक ट्रॉफी ड्रग रेड में मिली, लेकिन बाकी 2 ट्रॉफी आज भी लापता हैं। रिकवर हुईं सभी ट्रॉफी को नष्ट कर दिया गया था।

## खबर संक्षेप



### महलाना में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय की ओर से 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन गांव महलाना में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में नागरिक अस्पताल से मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता डॉ. शिवानी व उनकी सहायक कुसुम ने स्वयंसेविकाओ को एड्स के बारे में जागरूक किया। साथ ही शिविर में स्वयंसेविकाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आयरन की गोलियां उपलब्ध करवाई गई।

### प्राकृतिक खेती पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**सोनीपत।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज कंबोज के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत द्वारा प्राकृतिक खेती पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा कृषि प्रबंधन एवं विस्तार संस्थान जींद के सहयोग से आयोजित किया गया है। जिले में यह चौथा प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें 22 गांवों के 50 किसान भाग ले रहे हैं।

### गांव सोहटी में विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण

**खरखौदा।** उप मंडल के गांव सोहटी में सरपंच बबीता ने 20 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि गांव में कूड़ा इकट्ठा करने के लिए चार ट्रॉली, ग्रामीणों के बैठने के लिए 50 लोहे के बेंच, गांव में पीने के पानी की सप्लाई करने के लिए एक पानी का टैंकर, एक इंडोर जिम जो कि पंचायत घर में, एक इंडोर जिम गांव के स्टेडियम में जिला परिषद द्वारा लगाया गया है। एक ओपन जिम गांव में पंचायत द्वारा लगाया गया है, जिसका शुभारंभ किया गया।

### सड़क की दुर्दशा को लेकर विरोध प्रदर्शन

**खरखौदा।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के बैनर तले फिरोजपुर जाने वाले सड़क मार्ग के क्षतिग्रस्त होने पर नारे लगाकर गांव जटौला में विरोध प्रदर्शन किया गया। कामरेड हंसराज राणा ने बताया कि सड़क मार्ग में गहरे गड्ढे होने के कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार दो पहिया वाहन चालक चोटिल हो चुके हैं। गहरे गड्ढे होने के कारण जान माल का भी नुकसान हो सकता है। विभाग व प्रशासन द्वारा इस मार्ग को अनदेखा किया जा रहा है। यदि समय रहते इस मार्ग को दुरुस्त नहीं किया गया तो ग्रामीणों द्वारा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर सुरेश, सतबीर, राजू, प्रवीन, रघुवीर, नरेंद्र राणा, राजेश, पिंकी, सविता, बिमला व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## नकलरहित परीक्षा संपन्न होने पर विभाग ने ली राहत की सांस

# 657 विद्यार्थियों ने समाजशास्त्र व उद्यमिता विषय का दिया पेपर

### दो परीक्षा केंद्रों पर वीरवार को 6 नकल के मामले सामने आने पर रही शुक्रवार को सख्ताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) की कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। एचबीएसई की ओर से बनाए गए 30 केंद्रों पर शुक्रवार को कक्षा 12वीं के पंजीकृत 661 विद्यार्थियों में से 657 ने समाजशास्त्र व उद्यमिता विषय का पेपर दिया, जबकि 4 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिले दो परीक्षा केंद्रों पर 6 नकल के मामले सामने आने के बाद शुक्रवार को केंद्रों पर सख्ताई नजर आई। हालांकि जिलाभर नकल संबंधी कोई मामला सामने नहीं आया।

एचबीएसई बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत जिलेभर में शुक्रवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का समाशास्त्र व उद्यमिता विषय का पेपर रहा। विद्यार्थियों ने कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच सीसीटीवी की निगरानी में पेपर दिया, जबकि चार विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर केंद्रों पर चहल-पहल का माहौल रहा। सुबह से लेकर दोपहर तक केंद्रों के बाहर विद्यार्थियों व अभिभावकों की भीड़ रही। शांतिपूर्ण माहौल में नकलरहित परीक्षा संपन्न होने पर शिक्षा विभाग ने राहत की सांस ली।



सोनीपत। गीता भवन चौक पर बने केंद्र पर परीक्षा देकर बाहर आते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

कड़ी जांच के बाद सुबह 11:30 बजे के बाद विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा दोपहर 12:30 से 3:30 बजे तक आयोजित हुई। उधर जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकलरहित संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखे गए। केंद्रों के बाहर जहां काफी पुलिस बल तैनात रहा।

### विधायक ने बार एसो. के प्रधान को दिया हरसंभव सहायता का भरोसा



**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा बार एसोसिएशन के प्रधान आशुतोष सरोहा के चैंबर पर पहुंचे और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। राजनीतिक व्यस्तता के चलते विधायक नीयत दिन तो नहीं पहुंच सके लेकिन अगले दिन पहुंच गए और पुष्पगुच्छ देकर, मिठाई खिलाकर शुभ कामनाएं दीं। विधायक ने जिस अंदाज में मित्र धर्म निभाया उससे बार एसोसिएशन के प्रधान आशुतोष सरोहा अभिभूत हैं। इस बीच विधायक ने बार एसोसिएशन की समस्याओं के बारे में जाना। साथ ही बार एसोसिएशन व वकील साथियों के लिए हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

## भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई का अधिवेशन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) की जिला इकाई सोनीपत का जिला अधिवेशन शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नीरज व मंच संचालन जिला मंत्री रवि कुमार ने किया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता अधिवेशन के रूप में प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मेहला, विभाग प्रमुख जितेंद्र वत्स, विनोद ने शिरकत की।

कोषाध्यक्ष संदीप धीमान ने पिछले वित्त वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष नीरज की ओर से पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। नई जिला कार्यकारिणी में नीरज को अध्यक्ष, उर्वशी व वीर सिंह को उपाध्यक्ष, रवि कुमार को जिला मंत्री, संदीप धीमान व खुशीराम गहलावत को सह मंत्री, गोवर्धन को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य में कर्मवीर, रणधीर सिंह, अनुज, नरेंद्र, दिनेश, भूपेंद्र, सविता, ओमवती, देवेंद्र, सचिन, अमित, अशोक को चुना गया।

### सरसों की उन्नत खेती के लिए रोहणा में किसानों को दिया प्रशिक्षण

**खरखौदा।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा गांव रोहणा में एकदिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय सरसों की उन्नत खेती रहा। इस अवसर पर केंद्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जितेंद्र बामल ने किसानों को बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सरसों की फसल के प्रसार के लिए किसानों के खेतों पर 50 हेक्टेयर में अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन प्लांट लगाए गए हैं व राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत भी सरसों और तो और मशीनीकरण हेतु अनुसंधान के लिए प्रदर्शन प्लांट लगाए गए हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र रोहतक के वैज्ञानिक डॉ अजय कुमार ने सरसों की फसल में लगने वाले खरपतवार कीट पतंग वह बीमारियों के बारे में विस्तार से किसानों को बताया। कृषि वैज्ञानिक डॉ संदीप आंतिल ने खेती के प्रयोग होने वाले कृषि यंत्रों के रखरखाव में आगामी धान की फसल विशेषकर धान की सीधी बजाई तकनीकी के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

## हिंदू कन्या कॉलेज में छात्राओं को कैंसर की रोकथाम के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





हिंदू कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं बायो साइंस एसोसिएशन के बैनर तले कैंसर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर जैसी भयानक बीमारी की रोकथाम के संबंध में युवाओं को जागरूक करना रहा। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जयगोपाल शर्मा व डॉ. नेहा मिश्रा ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ. बिपाशा अग्रवाल ने बताया कि महाविद्यालय में समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं को जागरूक कर समाज व राष्ट्र को स्वस्थ बनाना है। डॉ. जयगोपाल शर्मा ने अपने वक्तव्य में कैंसर जैसी भयानक बीमारी से बचने के उपाय बताएं। उन्होंने कहा कि समय रहते ही अगर कैंसर के लक्षणों से हम परिचित हो जाएंगे, तो कैंसर को दूर भगा सकते हैं। भूख न लगना, निरंतर वजन गिरना, 1 महीने से ज्यादा बुखार का रहना, कैंसर के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं।

## बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में केवल एक दमकल गाड़ी, फैक्ट्रियों की सुरक्षा पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर।

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में आग से निपटने के लिए पर्याप्त प्रबंध नहीं होने से उद्योगपतियों की चिंता बढ़ गई है। यहां स्थापित दमकल केंद्र में फिलहाल केवल एक ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध है, जबकि क्षेत्र में करीब 900 से अधिक छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं। ऐसे में किसी बड़ी आगजनी की स्थिति में हालात संभालना चुनौती बन सकता है। उद्योगपतियों का कहना है कि इतने बड़े औद्योगिक क्षेत्र के लिए एक दमकल गाड़ी नाकाफी है। यदि किसी फैक्ट्री में आग लग जाती है और उसी समय किसी अन्य स्थान पर भी घटना होती है तो स्थिति पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है। कई फैक्ट्रियों में प्लास्टिक, केमिकल और अन्य ज्वलनशील पदार्थ भी रखे होते हैं, जिससे आग लगने पर नुकसान तेजी से बढ़ने की आशंका रहती है। इस समस्या को लेकर वे लंबे समय से प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते आ रहे हैं। कई बार अधिकारियों को ज्ञापन भी दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक दमकल गाड़ियों की संख्या बढ़ाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

### खांडा की दलित चौपाल की हालत जर्जर, पुनर्निर्माण की उठी मांग

**खरखौदा।** खांडा ग्राम वासियों ने सीएम विंडो के माध्यम से जर्जर एस सी चौपाल के नवनिर्माण की मांग उठाई है। खांडा वासी पपेंदर, बलजीत, जय भगवान, रोहतास, रामबीर, तसवीर, अभिषेक आदि ने बताया कि गांव की अनुसूचित जाति की चौपाल काफी पुरानी होने के कारण जर्जर हो चुकी है। जिस वजह से शादी समारोह व अन्य सामाजिक कार्यक्रम चौपाल में आयोजित नहीं कर पा रहे हैं। मजबूरी में उन्हें ऐसे कार्यक्रम गली में आयोजित करने पड़ रहे हैं। जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनकी मांग है कि चौपाल का नवनिर्माण कराकर लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## विद्यार्थियों ने सेवा व ईमानदारी से लिया प्रोफेशन निभाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अपने प्रोफेशन में ईमानदारी, सच्चाई और सेवा भाव के साथ प्रोफेशनल जिम्मेदारी से निभाने की शपथ दिलाई गई। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री और डायरेक्टर डॉ. ममता सचदेवा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में विद्यार्थियों व स्टाफ ने उत्साह के साथ भाग लिया।

चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग सेवा का ऐसा क्षेत्र है, जिसमें मरीजों की देखभाल के साथ संवेदनशीलता और समर्पण की भावना बहुत जरूरी होती है।

### एमए इतिहास की छात्रा महक ने एमडीयू की मेरिट सूची में पाया प्रथम स्थान, वैशाली द्वितीय

**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज, सोनीपत में शुक्रवार को इतिहास विभाग के लिए हर्ष का विषय रहा। कॉलेज के 4 विद्यार्थियों ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक की एमए (इतिहास) की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। छात्रा महक ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि कॉलेज व जिले का नाम गौरवान्वित किया। वहीं वैशाली ने द्वितीय, आंचल ने 7वां, ऐश्वर्या ने 11वां स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

## खबर संक्षेप



### अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग का महत्व बताया

**गोहाना।** विश्व नींद दिवस पर शुक्रवार को सेक्टर-7 गोहाना के महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में लोगों को योग का अभ्यास करवाया गया। लोगों को योग शिक्षक आजाद सिंह दांगी ने अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग का महत्व बताया। दांगी ने कहा कि अच्छी सेहत के लिए नींद इतनी ही जरूरी है जितना की खान-पान और व्यायाम अच्छी नींद से दिमाग की कार्य क्षमता, मनोदशा और सेहत में सुधार होता है। नींद शरीर की मरम्मत करती है, याददाश्त मजबूत बनाती है और प्रतिरक्षणा प्रणाली को मजबूत रखती है। इसकी कमी से मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और मानसिक समस्याएं हो सकती हैं। अच्छी नींद तनाव कम करती है। रात 9 से 10:00 बजे के बीच हो जाएं और चार से पांच बजे के बीच जाग जाएं। नियमित व्यायाम करें थोड़ी देर धूप में बैठे दोपहर के बाद सोने से बचे निकोटिन और कैफीन से बचें। शराब और भारी भोजन न लें और सोने से पहले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग सीमित करें।

### सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प



**गोहाना।** महमूदपुर मार्ग पर श्रीराम बस्ती स्थित आरके हिंदू स्कूल में शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना तथा समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य जगबीर सरोहा थे। मुख्य वक्ता आरएसएस कथूरा खंड संघ चालक डॉ. मनोज थे। मंच संचालन आचार्य संगीत शर्मा ने किया। नगर कार्यवाह गोहाना संजीव के साथ राजेन्द्र गिरधर, राकेश गंगाना, देवेंद्र व अन्य नागरिकों ने समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



### सेवानिवृत्ति पर शीला देवी को दी भावभीनी विदाई

**खरखौदा।** ब्रह्म शक्ति सीनियर सेकेंडरी स्कूल थाना कलां में लंबे समय से सहायिका के पद पर कार्यरत शीला देवी की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य रामबीर सिंह ने बताया कि सहायिका शीला देवी लगभग एक दशक से छोटे बच्चों की देखभाल का कार्य कर रही थी। शीला देवी ने अपने कार्यकाल में ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ बहुत अच्छा कार्य किया। इसके लिए प्राचार्य द्वारा उन्हें एक शॉल व नकद राशि देकर सम्मानित किया। साथ ही उपप्राचार्य प्रवीण कुमार व अन्य स्टॉफ सदस्यों ने भी अनेक उपहार व नकद राशि देकर शीला देवी का मान-सम्मान किया। राजीव दहिया, जयबीर ,रेखा, मंजू सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



### समाज के संबंधों पर विद्वानों ने रखे विचार

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत के तत्वावधान में शुक्रवार को इतिहास विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय इतिहास और समाज : समय, स्थान और विचार के संदर्भ रहा, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से आए विद्वानों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. परुथी तथा प्रधानाचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। संगोष्ठी के दौरान शोधपत्र प्रस्तुतीकरण सत्र भी आयोजित हुए, जिनमें प्रतिभागियों ने सामाजिक संरचना, संस्कृति, धर्म, जाति और सामाजिक परिवर्तन जैसे विषयों पर अपने शोध प्रस्तुत किए। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

**बैठक** किसान विश्राम गृह में भाकियू एकता सिद्धूपुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक

# रामलीला मैदान में 19 मार्च को होने वाली किसान महापंचायत को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार

- आठ सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों से दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



रोहतक रोड अनाज मंडी स्थित किसान विश्राम गृह में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में 19 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली किसान महापंचायत को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी कानून सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर देशभर के किसानों से 19 मार्च को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया।

जिला प्रधान बेदी दहिया ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून बनवाने, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से खेती, डेयरी एवम पोल्ट्री सेक्टरों को बाहर रखने समेत 8 मांगों पर दिल्ली के रामलीला मैदान में 19 मार्च को आयोजित किसान पंचायत में जिले के किसान बड़ी संख्या में भाग लेंगे। किसान नेता यशपाल ने बताया कि किसानों की प्रमुख मांग है कि एमएसपी पर फसलों की खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए ।किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने आरोप लगाया कि सरकारी ढिलाई के कारण आम जनता को गैस की कमी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश सचिव वीरेंद्र खोखर ने कहा कि प्रदेश में सरसों कटनी शुरू हो गयी है इसलिए सरकार को जल्द सरकारी खरीद शुरू करने के आदेश जारी करने चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान जिला प्रवक्ता देशपाल दहिया, जिला सचिव बुधराम सिंह कोहाड़, जिला प्रचार मंत्री राज सिंह दहिया, दलबीर मलिक, चुन्नी हलालपुर, खरखौदा ब्लॉक प्रधान शक्ति दहिया, जिला उपप्रधान समुंदर तोमर, प्रकाश दहिया, गोहाना ब्लॉक प्रधान राजबीर माजरा, राजबीर सिसाना भी मौजूद रहे।

# नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स टीम ने छात्रों को कराया आपदा प्रबंधन का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

**सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के आवासीय विशेष शिविर के अंतर्गत विशेष अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन**

गेटवे कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के आवासीय विशेष शिविर के अंतर्गत शुक्रवार को नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स की 16वीं बटालियन ने आपदा प्रबंधन से संबंधित विशेष अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा जैसी परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की तैयारी, समन्वय व कार्य क्षमता को परखना तथा उन्हें और अधिक मजबूत बनाना रहा। नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स की टीम ने स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विभिन्न प्रकार की आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली राहत एवं बचाव तकनीकों का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स के द्वितीय कमान अधिकारी कर्नल पीके दहिया, परियोजना अधिकारी विनीत कादियान रहे। उन्होंने आपदा की स्थिति में सतर्कता, जागरूकता व सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को समाज सेवा के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। अभ्यास में करीब 70 बचावकर्मियों की टीम ने भाग लिया, जिन्होंने आपदा की स्थिति में उपयोग होने वाले उपकरणों, तकनीकों व प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया।



सोनीपत। गेटवे कॉलेज में आयोजित विशेष अभ्यास कार्यक्रम के दौरान नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स की टीम विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए।

**ये रहे मौजूद**

गेटवे कॉलेज के एस्टेट अधिकारी सुनील कौशल, प्रशासन प्रमुख प्रो. ललित गुरेजा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सूबेदार मेजर रणदीप सिंह, सहायक मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. जोगिंद्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आशीष अग्रवाल मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### दहेसरा में युवक पर जानलेवा हमला, 5 काबू

**सोनीपत।** जिले के थाना कुंडली क्षेत्र में युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान प्रेम, मोहित, पिन्टू, महक और रोहित उर्फ गुल्लू निवासी गांव दहेसरा, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 11 मार्च 2026 को विनेश पुत्र तेजपाल निवासी गांव दहेसरा ने थाना कुंडली में शिकायत दी थी कि वह अपनी मां की दवाई लेने के लिए मेडिकल स्टोर जा रहा था। जब वह महक के मकान के सामने पहुंचा तो प्रेम और महक ने उसका रास्ता रोककर उससे मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने अपने साथियों को बुला लिया। आरोपितों ने चाकू नुमा फरसा, पाइप और पलटा से उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर गौरव नामक युवक ने उसे छुड़वाया। घायल विनेश का उपचार पीजीआई रोहतक में चल रहा है। मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई रवि के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक पलटा और दो डंडे बरामद किए। सभी आरोपितों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### सड़कों की नियमित सफाई और पानी का छिड़काव सुनिश्चित करें: डीएस ढेसी

# रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो के कार्यों की समीक्षा कर दिए तेजी के निर्देश

सड़कों से उठने वाली धूल व मिट्टी वायु प्रदूषण को बढ़ाती है जिसका निराकरण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** बैठक में उपस्थित अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सड़कों की नियमित सफाई और आवश्यकतानुसार पानी का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों से उठने वाली धूल व मिट्टी वायु प्रदूषण को बढ़ाती है, जिसका आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। शुक्रवार को सोनीपत शहरी विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएस ढेसी ने विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नगर निगम और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि प्रमुख सड़कों, बाजारों और अधिक यातायात वाले क्षेत्रों में नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखें तथा ड्रेनों की निगरानी भी सुनिश्चित करें। बैठक में रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो और आरआरटीएस परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित समय में निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। उन्होंने एसएमडीए द्वारा कराए जा रहे सड़कों के निर्माण और सौंदर्यकरण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने पर जोर दिया। साथ ही म्हारी सड़क पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर तुरंत समाधान करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।


**सोनीपत।** निरीक्षण करते हुए भाजपा नेता राजीव जैन। फोटो : हरिभूमि

### ओवरफ्लो नाले की शिकायत पर पहुंचे राजीव जैन

सोनीपत। बहालगढ़ रोड पर नाला बार-बार ओवरफ्लो होने की शिकायत मिलने पर नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन मौके पर पहुंचे और सफाई टीम के साथ नाले की सफाई का कार्य शुरू करवाया। इस दौरान उन्होंने खुद मौके पर खड़े होकर नाले से गाद निकलवाने की प्रक्रिया की निगरानी की।राजीव जैन ने निगम अधिकारियों के साथ नाले के ढक्कन खुलवाकर अवरुद्ध होने के कारणों का निरीक्षण किया। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि नाले की निकासी और लेवल सही नहीं है तथा ओसराम कंपनी के सामने जाकर नाला बंद हो जाता है, जिससे पानी की निकासी प्रभावित होती है। इस पर राजीव जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फिलहाल नाले की सफाई कर अस्थायी समाधान किया जाए। राजीव जैन ने बताया कि सेक्टर-15 से ड्रेन नंबर-6 तक नया नाला बनाया जाएगा और उसी से बहालगढ़ रोड के नाले को जोड़ा जाएगा, जिससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।


गोहाना। सम्मेलन में किसानों को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## किसानों को कृभको उर्वरकों के उपयोग की विधि बताई

■ कृभको द्वारा कृषि विभाग कार्यालय गोहाना में सहकारी शिक्षा सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कृभको द्वारा कृषि विभाग कार्यालय गोहाना में सहकारी शिक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृभको के क्षेत्रीय वरिष्ठ प्रबंधक आरकेएस राठौर ने की। फील्ड ऑफिसर डॉ. देवेन्द्र यादव ने कृभको की भूमिका एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। मुख्य अतिथि उपमंडल कृषि अधिकारी गोहाना डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मेहरा रहे। कृभको के क्षेत्रीय वरिष्ठ प्रबंधक आरकेएस राठौर ने उर्वरकों के सुचारू वितरण तथा कृषि और ग्रामीण विकास में सहकारी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला तथा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कृभको के विभिन्न उर्वरक उत्पादों एवं उनके उपयोग के बारे में बताया। कार्यक्रम में विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. सतिंदर मलिक तथा तकनीकी सहायक गोहाना डॉ. विपिन सैनी ने ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में विभिन्न सहकारी समितियों, विपणन समितियों तथा कृषि विभाग के लगभग 50 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।


**सोनीपत।** सोनीपत के मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में रुद्राक्षी का स्वागत करते प्राचार्य संजीव दहिया व स्टाफ सदस्य।

### स्पेशल ओलंपिक भारत गेम्स में रुद्राक्षी ने जीता रजत पदक, किया सम्मानित

सोनीपत। एशिया पेसिफिक गेम्स फार डाउन सिंड्रोम की ओर से गत दिनों चेन्नई में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित स्पेशल ओलंपिक भारत गेम्स में सोनीपत की रुद्राक्षी ने सॉफ्ट बॉल थ्रोन जूनियर व बीओसीसीई डबल जूनियर वर्ग में न केवल देश का प्रतिनिधित्व किया, बल्कि दोनों प्रतियोगिताओं में रजत पदक प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 7वीं की छात्रा रुद्राक्षी का शुक्रवार को मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में प्राचार्य संजीव कुमार दहिया व स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। प्राचार्य ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत सहित सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, वियतनाम, मंगोलिया, जापान जैसे 8 देशों के 350 खिलाड़ियों ने सहभागिता दर्ज की। सोनीपत की रुद्राक्षी 75 प्रतिशत डाउन सिंड्रोन से ग्रसित है। विद्यालय में कक्षा प्रभारी सुरेश भारद्वाज, मीना कुमारी, डीपी नीरज, कृष्ण रोहिल्ला, सतीश कुमार, डॉ. आनंद, कमलेश, राज रेलन सहित रुद्राक्षी के पिता नवीन कुमार, माता रेखा दहिया ने रजत पदक विजेता रुद्राक्षी का स्वागत कर अपना आशीर्वाद दिया।

## महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

■ आज देश में महंगाई बेलगाम हो चुकी है और सरकार सो रही है: कमल दिवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

रसोई गैस और बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित पैदल मार्च निकाला गया।कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस भवन से शुरू हुआ यह प्रदर्शन सुभाष चौक तक पहुंचा। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया के नेतृत्व में आयोजित इस मार्च में कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और खाली सिलेंडर लेकर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरकार आम आदमी की जेब पर डाका डाल रही है और महंगाई ने मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है।

शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज देश में महंगाई बेलगाम हो चुकी है और सरकार सो रही है। एलपीजी गैस के दाम जिस तरह से बढ़ाए गए हैं, वह गरीब और मध्यम वर्ग के चूल्हे बुझाने की साजिश है। जो भाजपा विपक्ष में रहते हुए 400 रुपये का सिलिंडर देखकर सड़कों पर बैठ जाती थी, आज वही भाजपा 900 रुपये के पार गैस बेचकर जनता का मजाक उड़ा रही है। सिलिंडर के दाम बढ़ाना सीधे तौर पर महिलाओं के स्वाभिमान और रसोई के बजट पर हमला है। सरकार ने अच्छे दिन का जो सपना दिखाया था, वह अब जनता के लिए दुस्वप्न बन चुका है। उन्होंने कहा कि ये बढ़ी हुई कीमतें तुरंत वापस ली जाएं, अन्यथा कांग्रेस का यह आंदोलन गलियों से निकलकर विधानसभा और संसद तक गूंजेगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, संगठन महासचिव मुकेश पन्नालाल, उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, अशोक सरोहा, जयवीर आंतिल, कुलदीप देशवाल, संजय बड़वासनी पार्षद, मोनिका पार्षद, अभिनव शर्मा, संतोष कादियान, नीलम बलयान, कमल मलिक आदि रहे।


**गोहाना।** विजेताओं को सम्मानित करते हुए सुशीला देवी और डॉ. किरण भट्टी व उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने करवाई सर्वोत्तम माता प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

महिला एवं बाल विकास विभाग गोहाना द्वारा शुक्रवार को खंड स्तरीय सर्वोत्तम माता प्रतियोगिता करवाई गई। विभाग के खंड गोहाना कार्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में सर्कल स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त माताओं को भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुशीला देवी ने की। प्रतियोगिता में गांव पूठी निवासी स्वाति पत्नी हरविंद्र को सर्वोत्तम माता पुरस्कार मिला। द्वितीय स्थान गोहाना की इंद्रगढ़ी निवासी तमन्ना पत्नी अश्विनी और तृतीय स्थान गोहाना से सटे गांव गढ़ी उजाले खां निवासी पिंकी पत्नी प्रवीन ने प्राप्त किया। विजेताओं को महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुशीला देवी और डॉ. किरण भट्टी ने पुरस्कृत किया।इस अवसर पर सुपरवाइजर इन्द्रावती, पूनम, नीलम, प्रवीन मोर, विकास नरवाल, आकाश जिंदल, अन्नू, राजेश कुमार और शकीला उपस्थित रहे।

## नगरपालिका पार्षदों व 3 प्रतिनिधियों ने थाने में करवाई अपनी जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** जमानत के बाद मीडिया के समक्ष अपना पक्ष रखते पार्षद।

गत 18 अगस्त को नगरपालिका पार्षदों ने पालिका कार्यालय में तालाबंदी की थी, जिसके चलते उन पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपित सभी पार्षद थाना खरखौदा पहुंचे और अपनी जमानत कराई। इस अवसर पर पार्षद नवीन ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने कहा था कि यदि अपने अधिकार मांगने से न मिले तो उन्हें छीनना पड़ता है। सभी पार्षद उनके ही दिखाए रास्ते पर चल रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं कि यदि भविष्य में नगरपालिका के कार्यों में पारदर्शिता नहीं बरती गई और भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगाया गया तो पार्षदगण दोबारा धरना प्रदर्शन करने से पीछे नहीं हटेंगे। पार्षदों का कहना है कि उनके द्वारा हाउस की मीटिंग में पास किए गए प्रस्तावों को कार्यवाही रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया है। और तो और उनके द्वारा मांगी गई सूचनाएं उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। सफाई ठेकों की विजिलेंस जांच भी अभी तक नहीं कराई गई है। नगरपालिका के अधिकारी रिकॉर्ड पर कुंडली मारकर बैठे हैं। यही कारण है कि पार्षद फिर से विरोध प्रदर्शन करने पर विचार कर रहे हैं। जमानत लेने वालों में पार्षद नवीन दहिया, जसबीर, प्रमोद, अनूप दहिया, पार्षद प्रतिनिधि रविंद्र, अनिल व सीताराम के नाम शामिल हैं।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोपित दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



थाना कुण्डली की पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की घटना मे संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमन निवासी गांव बारोटा जिला सोनीपत का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार 11 मार्च को बिहार हाल जिला सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना कुण्डली में शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिग लड़की के साथ अमन निवासी गांव बारोटा जिला सोनीपत ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता व पोक्सो अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत थाना कुण्डली मे अभियोग अंकित किया गया था। थाना कुण्डली की अनुसंधान टीम मे नियुक्त महिला सहायक उप निरीक्षक मंजू ने अपनी पुलिस टीम के साथ नियमानुसार कार्यवाही करते हुये न्यायालय के आदेशानुसार नाबालिग लड़की के मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई। दूसरी तरफ कार्यवाही करते हुये घटना में संलिप्त आरोपी अमन निवासी गांव बारोटा जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है।

## दो पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए गंभीर आरोप, दोनों पर ही मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के जटवाड़ा में दो पक्षों में आपसी झगड़े के बीच दोनों ने एक-दूसरे पर हमला करने के आरोप लगाए हैं। दोनों पक्ष अपनी-अपनी शिकायत लेकर सिविल लाइन थाना के पुराना शहर चौकी पुलिस पहुंचे। पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों में रुपये के लेनदेन को लेकर रंजिश है। एक पक्ष ने उनके घर पर पेट्रोल छिड़ककर जलाने की कोशिश का आरोप लगाया है। आरोप है कि घर के दरवाजों पर तेजधार हथियार से हमला कर उन्हें तोड़ने की कोशिश करने व परिवार को जिंदा जलाकर मारने की धमकी दी गई। दूसरे पक्ष से रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर अकेली थी। उनका पति विक्रम व जेठ बाहर गए थे। रात करीब 9:20 बजे 10-12 युवक उनके घर पर आए। जिन्होंने अपने मुंह बांध रखे थे। उन्होंने दरवाजों पर कुल्हाड़ी व तेजधार हथियारों से वार कर तोड़ने की कोशिश की। बाहर रखे गमले व घर के शीशे भी तोड़ दिए। आरोपी गाली-गलौज करते रहे।

### पीड़ित ने लगाया जान से मरने की धमकी का आरोप

जटवाड़ा निवासी प्रिंस ने शिकायत में बताया कि वीरवार शाम को वह अपनी दुकान पर थे। इसी दौरान विकास उनकी दुकान पर आकर गाली-गलौज करने लगा। टोकने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दी। दवाब के चलते उसने मुकदमा दर्ज नहीं कराया। इसके बाद रात करीब 10:30 बजे कई युवकों ने उनके घर आकर तोडफोड़ की। आरोपी बोतलों में पेट्रोल लेकर आए थे। पेट्रोल छिड़कर दरवाजों पर आग लगा दी गई। सीसीटीवी की जांच की तो विकास, दीपक व कई अन्य युवक उसमें दिखाई दिए। पीड़ित के भाई ने जटवाड़ा निवासी विक्रम पर आरोप लगाए हैं। वहीं विक्रम के परिवार की ओर से शिकायत दी गई है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली। फिलहाल पुलिस आरोपियों की पहचान में जुटी है।


**खरखौंदा।** पवन कुमार का स्वागत करता महाविद्यालय का स्टाफ।

## पवन ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज पावर लिफ्टिंग में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर अनुसेवक के पद पर कार्यरत पवन कुमार ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तृतीय स्थान हासिल किया। उक्त चैंपियनशिप 5 से 10 मार्च तक चंडीगढ़ में आयोजित की गई थी। पवन ने पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 60 किलोग्राम श्रेणी में जगह बनाते हुए यह स्थान हासिल किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ तराना नेगी ने पवन को बधाई देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ किरण सरोहा, दिनेश कुमार, डॉ योगेश बाजवान, विनोद मलिक तथा जगबीर सिंह उपस्थित रहे।

### पांची जाटान के सरपंच अशोक निलंबित

**गन्नौर।** गांव पांची जाटान के सरपंच अशोक को विकास कार्यों में अनियमितताओं और पंचायत से जुड़े रिकॉर्ड उपलब्ध न कराने के आरोपों के चलते निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में उपायुक्त सुशील सरवान ने आदेश जारी किए हैं। निलंबन की अवधि के दौरान सरपंच पंचायत से जुड़े किसी भी प्रशासनिक अधिकार का उपयोग नहीं कर सकेंगे। प्रशासन को ग्रामीणों और पंचायत सदस्यों की ओर से सरपंच के खिलाफ कई शिकायतें मिली थीं। शिकायतों में ई-रिक्शा की मरम्मत में गड़बड़ी, विकास कार्यों में अनियमितता, चौपाल क्षेत्र में बिना अनुमति पेड़ कटवाने और पंचायत के धन के गलत उपयोग जैसे आरोप लगाए गए थे। इसके अलावा यह भी आरोप था कि सरपंच ने कई बार मांगने के बावजूद पंचायत से संबंधित रिकॉर्ड ब्लॉक कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किए और सरकारी कार्यों में अपेक्षित सहयोग भी नहीं किया।

### एमएसएमई उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन

# ज्ञान को व्यवसाय में बदलने की क्षमता जरूरी : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं कुलपति प्रो. सुदेश।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में उद्यमिता, कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विवि के स्वावलंबन केंद्र के तत्वाधान में एमएसएमई उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि आज के समय में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि उसे उद्योग और व्यवसाय में परिवर्तित करने की क्षमता भी अत्यंत आवश्यक है। छात्राएं पोषण एवं अपने विषय से जुड़े ज्ञान का उपयोग करते हुए नवाचार आधारित उद्यम स्थापित करें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम में सीबीएलयू, भिवानी के विधि विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं चेयरपर्सन डॉ. प्रमोद मलिक ने एक ज्ञानवर्धक सत्र में आविष्कार, खोज और नवाचार की अवधारणाओं को स्पष्ट करते हुए बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और पेटेंट के महत्व पर विभिन्न उदाहरणों और केस स्टडी के माध्यम से प्रकाश डाला। पंजाब नेशनल बैंक, खानपुर कलां के सीनियर मैनेजर संदीप यादव ने प्रतिभागियों को एमएसएमई की विभिन्न श्रेणियों, ऋण सुविधाओं, पात्रता मानदंड, ब्याज दर, पुनर्भुगतान प्रक्रिया, महिला उद्यमियों के लिए उपलब्ध रियायतों तथा नए उद्यम शुरू करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।


**गोहाना।** आयुर्वेद संस्थान में आयोजित हवन में आहुति डालते कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

### अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें छात्राएं

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में आयुर्वेद की छात्राओं के आगामी परीक्षाओं से पूर्व उनके उज्ज्वल भविष्य और सफलता की कामना को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में छात्रावास संख्या 1 में विधि-विधान से हवन करवाया गया। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने मुख्य यजमान के रूप में यज्ञ में आहुति देकर छात्राओं को परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

कुलपति ने कहा कि भारतीय परंपरा में यज्ञ और मंत्रोच्चारण का विशेष महत्व रहा है, जो सकारात्मक ऊर्जा प्रदान कर मन को एकाग्र करता है। छात्राएं अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। आयुर्वेद संकाय के डीन डॉ. एसपी गौतम ने आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथ चरक संहिता का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में मंत्रों और साधना का विशेष स्थान है।